सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 142 | इंदौर, शनिवार 06 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

● राहुल बोले- उनकी विरासत हमारे संघर्ष की प्रेरणा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और अन्य नेताओं ने संसद भवन परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा 'महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को इंसानी गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श हमें विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए राह दिखाते रहें।'

### राहुल गांधी ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है।' संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा 'आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया। इसलिए, हम उन्हें याद करते हैं और उनके विचारों और संविधान की रक्षा करते हैं। हर भारतीय का संविधान खतरे में है। हम इसकी रक्षा करते हैं, नागरिक इसकी रक्षा करते हैं।'

### खरगे ने लिखा- डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत आवाज

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए लिखा, 'डॉ. आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय की मजबूत आवाज को दिल से धन्यवाद देते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर अपनी पूरी जिंदगी बराबरी, भाईचारे और न्याय के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए मजबूती से खड़े रहे। आज हमसे उन मूल्यों को बनाए रखने, बचाने की उम्मीद की जाती है, जिनके लिए वे जिए। देश को उनका सबसे बड़ा तोहफा, भारत का संविधान है।'

●विधानसभा शीतकालीन सत्र: 13474 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित

# सीएम बोले- प्रदेश को विकसित राज्य बनाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन दूसरे 13474 करोड़ का अनुपूरक बजट पारित चर्चा के बाद पारित हो गया। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर सवाल उठाए, वहीं, सरकार की तरफ से जवाब देते हुए कहा गया कि विकास में किसी तरह का भेदभाव नहीं करेंगे। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने दिया। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सदन में संबोधन देते हुए सरकार की प्राथमिकताओं और विकास योजनाओं गिनाईं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश पर कुल कर्ज में 130% की बढ़ोतरी हुई है और सरकार अधिक दरों पर ऋण क्यों ले रही, जबकि कई राज्य इससे कम दर पर कर्ज ले रहे हैं। जल जीवन मिशन में 250 से ज्यादा ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करना पड़ा। उनका आरोप था कि कई योजनाएं धनाभाव के कारण ठप पड़ी हैं। साथ ही उन्होंने 5 करोड़




की विधायक निधि का भी मुद्दा उठाया, जिसका जिक्र मुख्य बजट में किया गया था।

### पूंजीगत खर्च बढ़ा, कांग्रेस ने कर्ज का उपयोग वेतन बांटने में किया

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 4,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही उपार्जन, भावांतर, लाड़ली बहना जैसी योजनाओं के लिए भी दूसरे अनुपूरक बजट में पर्याप्त प्रावधान शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार कर्ज लेकर राजस्व में खर्च नहीं कर रही, बल्कि पूंजीगत मद में निवेश कर रही है। देवड़ा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्ज लेकर वेतन बांटे और अपने घर भर लिए। हम नियमानुसार कर्ज ले रहे हैं और समय पर ब्याज व किस्त चुका रहे हैं।

कांग्रेस के क्षेत्रों में भी विकास, क्योंकि भेदभाव हमारी नीति में नहीं

देवड़ा ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में समान गति से विकास कार्य कर रही है और कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों में भी काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप मानें या न मानें, लेकिन कर्ज का उपयोग विकास में हुआ है। जनता हमारे काम को स्वीकार कर रही है क्योंकि पूरे देश में हमारी सरकारें बन रही हैं। जहां पहले आपकी सरकारें थीं, वहां भी अब हमारा शासन है।

# आटे में 'खेल' करते पकड़ी गई फैक्ट्री, प्रशासन ने तुरंत जड़ा ताला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिला प्रशासन की खाद्य विभाग की टीम ने पालदा इलाके में बड़ी कार्रवाई की। शुक्रवार को समता नगर पालदा स्थित एस कुमार एंड कंपनी पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची और जांच की। यहां पर आटा तैयार किया जा रहा था।**

जहां पर यह काम चल रहा था, उस जगह पर काफी गंदगी थी। परिसर से गेहूं और आटे के कुल 4 सैंपल लिए गए और खाद्य पदार्थों के निर्माण पर परिस्थिति को देखते हुए इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को भी टीम ने ये कार्रवाई की। टीम मौके पर पहुंची तो यहां



कि स्थिति देख चौंक गई। परिसर में आटा तैयार किया जा रहा था। यहां की स्थिति देख टीम ने यहां से चार सैंपल लिए और यहां पर आटा बनाने के काम को तत्काल बंद कराया। टीम ने समता नगर पालदा में ही मां अंबे सुपारी सिकाई केंद्र का भी दौरा किया। मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर गोपाल अग्रवाल मिली। मौके पर कच्ची सुपारी को सेंककर प्रोसेस किया जाता है। सिकी हुई सुपारी और सुपारी सेंकने के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले चुना के 2 सैंपल लिए गए। इसके अलावा विजय नगर स्थित श्री लीला रेस्टोरेंट से पनीर और दाल के 2 सैंपल लिए। कलेक्टर ने बताया कि लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी सैंपल को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण लैब भोपाल भेजा रहा है, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम क्षेत्र के आसपास की 8 पंचायतों में होंगे स्वच्छता के कार्य : सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े

## सम्भागायुक्त की अध्यक्षता में हुई विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विमानतल प्रबंधन समिति द्वारा रखें गए विषय के सम्बंध में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के आसपास आने वाली 8 पंचायतों में स्वच्छता के कार्य प्रारम्भ होंगे।**

प्रबंधन समिति ने एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्र में कचरा, अनावश्यक खाद्य पदार्थो का संग्रहण और फलों वाले बड़े-बड़े पेड़ो की समय पर कटाई आदि के सम्बंध में चर्चा के लिए बिंदु रखें गए। प्रबंधन द्वारा एयरपोर्ट के दायरे में अनावश्यक रूप से पक्षियों के रहवास तथा उड़ने की गतिविधियों को रोकने के लिए वन विभाग और नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग मांगा।



### एयर ट्रैफिक में व्यवधान को दूर करने के प्रयास आवश्यक

इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया कि एयर पोर्ट के आस पास के क्षेत्र में पक्षियों के उड़ान की गतिविधिया बढ़ रही है। इसके लिए ऐसे उपाय की ये जाए कि जिससे पक्षी आकर्षित न हो। पर्यावरण की शुद्धता से भी यह आवश्यक है। बताया गया कि 2012 में पक्षियों की उड़ान की गतिविधियां 6 देखी गई, जबकि इस वर्ष 2025 में सबसे अधिक 26 गतिविधियां देखी गई है। जो एयर ट्रैफिक के नजरिये से ठीक नहीं है। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने वन और नगर निगम दोनों विभागों को इसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने एयरपोर्ट सीमा क्षेत्र के पेड़ों की कटाई के अलावा विभिन्न होटल्स व रेस्टोरेंट द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में इंदौर एयरपोर्ट निदेशक सुनील मग्गिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हेमंत गुप्ता, एयरलाइन्स प्रबन्धक सहित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इंदौर विमानतल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# परिवार के सदस्यों के नहीं आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एरोड्रम में बुधवार रात महिला कॉन्स्टेबल प्रिया यादव ने आत्महत्या कर ली। वह ट्रैफिक पुलिसकर्मी कविंद्र यादव के साथ लिव-इन में रह रही थी। गुरुवार को परिवार के सदस्यों के नहीं आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। शुक्रवार शाम तक भी पुलिस परिजनों का इंतजार करती रही, जिसके चलते दूसरे दिन भी प्रिया का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। एरोड्रम पुलिस ने महिला कांस्टेबल प्रिया यादव, पत्नी अमित कुमार राय, का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवाया था। एरोड्रम पुलिस ने उसके परिवार को तारापुर, मुंगेर, बिहार में सूचना दी थी।



उन्होंने शुक्रवार को इंदौर आने की बात कही थी, लेकिन शुक्रवार को भी परिवार का कोई सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचा। डॉटरों ने भी थाने में प्रिया के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन परिवार के आने को लेकर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इधर, पुलिस ने इस मामले में अभी तक कविंद्र के बयान नहीं लिए हैं। कविंद्र ने ही बुधवार देर रात थाने में आत्महत्या की सूचना दी थी। उसने अपने शुरुआती बयान में बताया था कि वह प्रिया के साथ तीन साल से लिव-इन में रह रहा है। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे और शादी करना चाहते थे। बुधवार को खाना खाने के बाद वह टहलने निकला था। इस दौरान प्रिया ने फांसी लगा ली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

# जिले में 'एसआईआर' का काम 99% पूरा

## 41 हजार वोटर्स का हो चुका है निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम 99% पूरा कर लिया गया है। अब ऐसे मतदाताओं को खोजने पर काम चल रहा है जिनका नाम सूची में शामिल ही नहीं है। कलेक्टर ने सभी बीएलओ के काम की सराहना की है। जिले में एसआईआर का काम अब लगभग अंतिम चरण में है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि, जिले में सभी बीएलओ ने कड़ी मेहनत से इस काम को पूरा किया है। पूरे जिले में एसआईआर का काम लगभग 99% पूरा हो चुका है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर के काम की समय सीमा 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले 24 घंटों में, इंदौर शहर में एसआईआर का काम 100% पूरा हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक जिले में 28.67 लाख वोटर्स हैं। इनमें से 22.28 लाख वोटर्स मिल चुके हैं जबकि 5.42 लाख वोटर्स नहीं मिले हैं। इनमें से करीब 41 हजार वोटर्स का बीते सालों में निधन हो चुका है। बाकी वोटर्स का पता लगाने के लिए सभी बीएलओ काफी प्रयास कर रहे हैं लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही हैं। ये वो वोटर्स हैं जो संबंधित पते से स्थानांतरित हो चुके हैं या वेरीफिकेशन के दौरान नहीं मिले। कई के तो मकानों पर ताला मिला हैं। प्रशासन ने इन्हें अनकलेक्टेबल कैटेगरी में दर्ज कर लिया है। इनका अब बचे 6 दिनों में जांच कर पता लगाया जाएगा।

# सरकारी स्कूल के बच्चों को बांटे स्वेटर, कलेक्टर ने बच्चों से जाना पढ़ाई का हाल, कहा- नियमित आएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 22 (सीआरपी लाइन) में शुक्रवार को बच्चों को स्वेटर बांटे गए। कार्यक्रम में कलेटर शिवम वर्मा भी मौजूद रहे। यह पहल समाजसेवी डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा की प्रेरणा पर सेवानिवृत्त चिकित्सकों के एक समूह द्वारा की गई। उद्देश्य था कि ठंड के कारण कोई बच्चा स्कूल आने से न चूकें और सभी नियमित रूप से कक्षाओं में शामिल हों।

कलेटर ने बच्चों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उन्हें नियमित स्कूल आने, पढऩे-लिखने और आगे बढऩे की प्रेरणा दी। कलेटर ने बच्चों से उनकी पसंद के विषय, सिलेबस और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी सवाल किए। उन्होंने स्कूल में एटिविटी रूम बनाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को रचनात्मक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का माहौल मिल सके।डॉ. हेमंत जैन ने बताया कि स्वेटर वितरण का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सर्दी में किसी भी बच्चे को परेशानी न हो।



इसी तरह के कार्यक्रम जल्द ही अन्य तीन स्कूलों में भी किए जाएंगे।

## कटाक्ष




## गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सभी आवंटित दुकानों की

# किराया वसूली डिजिटल माध्यम से की जाए : संभागायुक्त डॉ. खाड़े

**इंदौर**। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स इंदौर की दुकानों के संचालन को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में माफी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री कल्याणी पाण्डे, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास एवं उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की समस्त आवंटित दुकानों की किराया वसूली को डिजिटल माध्यम से किया जाए। दुकानों के लीज एग्रीमेंट के सम्पादित करने के लिए शिविर आयोजित किए जाए। साथ ही समस्त आयुक्त मंदिरों की आधारभूत एवं बजट जानकारी संबंधी एकत्रित की जाए।



# याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए एक लाख रुपए दंड लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने एक जनहित याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की है कि या कोर्ट को तमाशा समझ रखा है, जो एक ही मामले में बार-बार याचिका लगाई जा रही है। इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने जनहित याचिका को निजी उद्देश्य से प्रेरित माना। साथ ही याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए एक लाख रुपए दंड लगाया है। यह याचिका आदिवासी संगठन जयस के खरगोन जिला अध्यक्ष सचिन सिसोदिया ने लगाई थी।**

जस्टिस विजय कुमार शुला और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच ने सचिन सिसोदिया की ओर से दायर जनहित याचिका खारिज करते हुए इसे निजी उद्देश्यों पर आधारित और जनहित से परे बताया। इसमें शासन की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल आनंद सोनी ने तर्क रखे।कोर्ट ने आदेश में कहा कि इसी विषय पर पहले भी याचिकाएं दायर की गई थीं, जिन्हें बाद में याचिकाकर्ताओं ने वापस ले लिया था। उपलध अभिलेखों, फेसबुक पोस्टों तथा परिस्थितियों के आधार पर कोर्ट ने माना कि वर्तमान जनहित याचिका में व्यतिगत रंजिश और उद्देश्य की संभावना अधिक है, न कि सार्वजनिक हित।कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के बलवंत सिंह चौफाल, एस.पी. गुरु राजा, देवेंद्र प्रकाश मिश्रा और गुरपाल सिंह प्रकरणों में दिए निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि जनहित याचिका लोकतंत्र में जनता की आवाज है, परंतु इसका उपयोग प्रतिशोध, व्यतिगत लाभ या दुरुपयोग के लिए नहीं किया जा सकता।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनहित याचिका तभी स्वीकार की जा सकती है, जब उसमें वास्तविक सार्वजनिक हित, तात्कालिकता और व्यापक जन-प्रभाव हो, अन्यथा न्यायालय को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जनहित याचिका का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ता को एक माह में एक लाख रुपए की कॉस्ट हाई कोर्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, इंदौर में जमा कराने के आदेश दिए हैं।

## इंडिगो की 26 उड़ानें रद्द, इंदौर से दिल्ली का किराया पहुंचा 36 हजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी में से एक इंडिगो में पिछले चार दिनों से क्रू मेंबर्स की भारी कमी चल रही है। इस संकट का सीधा असर इंदौर समेत देश के कई बड़े शहरों की हवाई सेवाओं पर पड़ा है। इंदौर, भोपाल, दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद सहित कई एयरपोर्ट्स पर 500 से ज्यादा लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। इंदौर एयरपोर्ट पर भी यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां कई यात्री 24-24 घंटे से अपनी लाइट का इंतजार कर रहे हैं।शुक्रवार का दिन इंदौर के यात्रियों के लिए काफी मुश्किल भरा रहा। इंदौर से जाने वाली कुल 26 उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। वहीं, इंदौर आने वाली इंडिगो की 18 से ज्यादा लाइट्स भी कैंसिल रहीं। सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी यही हाल है। भोपाल से कुल 16 लाइट्स और जबलपुर से इंडिगो की 6 में से 5 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।उड़ानें रद्द होने का फायदा उठाकर बची हुई लाइट्स के किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गई है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ मप्र के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन के अनुसार, जो उड़ानें संचालित हो रही हैं, वे पूरी तरह फुल हैं। आखिरी समय में बची हुई सीटों को सामान्य से 4 से 5 गुना ज्यादा दाम पर बेचा जा रहा है। गुरुवार शाम को इंदौर से दिल्ली जाने वाली उड़ानों का एक टिकट 36 हजार रुपए तक पहुंच गया था, जिससे आम यात्रियों के लिए सफर करना लगभग नामुमकिन हो गया।

### एयरपोर्ट पर युवक युवती का हंगामा

## 65 रुपए मांगते ही स्टाफ से बहसबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एयरपोर्ट के पार्किंग एरिया में शुक्रवार शाम एक युवक और युवती ने जमकर हंगामा किया। पार्किंग शुल्क मांगने पर दोनों ने कर्मचारियों से बहस की और अपशद कहे। घटनास्थल का वीडियो कर्मचारियों ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। जानकारी के मुताबिक, युवक-युवती अपनी कार पार्किंग में खड़ी कर बैठे थे। जब वे कार लेकर निकलने लगे तो पार्किंग स्टाफ ने 65 रुपए शुल्क मांगा। इस पर युवती ने खुद को आर्मी से होने की बात कहते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वह लगातार स्टाफ पर चिल्लाती रही और गाली-गलौज करती रही। सूत्रों के अनुसार, विवाद के दौरान दोनों नशे में थे और कार में बैठकर शराब पी रहे थे। हालांकि इस मामले की कोई आधिकारिक शिकायत एयरपोर्ट पुलिस या एरोड्रम थाने तक नहीं पहुंची है। इससे पहले भी इसी पार्किंग एरिया में एरोड्रम पुलिस ने शराब पीते कुछ युवकों को पकड़ा था और उन पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी।

## कोचिंग संचालिका और नाबालिग के साथ छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा में एक कोचिंग संचालिका के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज की। पुलिस के मुताबिक, 19 साल की पीड़िता ने बताया कि वह कोचिंग पढ़ाने का काम करती है। इलाके में रहने वाला कृष्णकांत, पुत्र अरविंद गौतम, पिछले एक साल से लगातार उसे परेशान कर रहा था। वह बाहर आने-जाने के दौरान उसका पीछा करता और अश्लील इशारे करता। जब पीड़िता ने यह बात अपने परिवार को बताई, तो कृष्णकांत के परिवार ने विवाद खड़ा किया। डर और बदनामी के डर से पीड़िता चुप रही। 27 नवंबर को घर के पास दूध लेने जाते समय आरोपी ने अश्लील कमेंट किए। पीड़िता डरकर घर लौट आई और मां व चाची को पूरी घटना बताई। तब उन्होंने चुप रहने की बात कही। लेकिन आरोपी की हरकतें लगातार बढ़ती रही। 1 दिसंबर को पीड़िता की मां ने आरोपी से बात करने की कोशिश की। इस दौरान कृष्णकांत ने अपशद कहे और धमकी देने लगा। बहन ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने बहन के साथ मारपीट की और उसे धका देकर जमीन पर गिरा दिया। इस दौरान पिता और भाई उज्जैन में तेरहवीं प्रोग्राम में थे। पिता और भाई के आने के बाद पीड़िता ने घटना की शिकायत थाने में की।

# शास्त्री ब्रिज के फुटपाथ के ब्लॉक निकाल कर खोजे चूहों के बिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 72 साल पुराने इंदौर के शास्त्री ब्रिज के कई हिस्सों को चूहों ने कमजोर कर दिया है। ब्रिज के कुछ हिस्सों में फुटपाथ और सडक़ के बीच गेप आ गया है। अफसरों ने आशंका जताई है कि चूहों के बिल के कारण कुछ हिस्सा खोखला हो गया है। इसके चलते अब अफसर फुटपाथ के पुराने पेवर लॉक निकलवा रहे है। फुटपाथ पर नए लॉक लगाए जाएंगे, लेकिन उससे पहले फुटपाथों की मिट्टी हटाकर चूहों के बिल भी खोजे जा रहे है। ब्रिज के एक हिस्से में पिछले दिनों गड्ढा हो गया थाा। इस कारण उसके आसपास ट्रैफिक रोक दिया गया था।**



जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने जीएसआईटीएस कॉलेज के विशेषज्ञों के साथ पूरे ब्रिज का दौरा किया था तो पाया कि ब्रिज के आसपास सैकड़ों की संया में चूहों के बिल है। जिस जगह गड्ढा हुआ था।वहां भी बिल मिले थे और एक दुकान भी अतिक्रमण कर बनाई गई थी। दीवार बनाकर गड्ढा भर दिया गया। इसके बाद विशेषज्ञों ने ब्रिज के फुटपाथ के लॉक बदलने और पेस्ट कंट्रोल करने की सलाह दी थी। समिति प्रभारी राठौर ने कहा कि ब्रिज के एक तरफ के हिस्से के फुटपाथ निकाले गए है। पहले कच्ची जगह पर पेस्ट कंट्रोल किया जाएगा। इसके बाद कांच के टुकड़े डाले जाएंगे, ताकि चूहे फिर बिल न बना सके। ब्रिज के समीप गांधी प्रतिमा सर्कल पर भी काफी चूहों के बिल है,योकि यहां लोग पंछियों को दाना डालते है। चूहों को भोजन आसानी से मिल जाता है। सर्कल से भी निगम चूहों के बिल हटाएगा। शास्त्री ब्रिज इंदौर का पहला ब्रिज है। इसका लोकार्पण देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री ने वर्ष 1953 में किया था। यह ब्रिज दो लेन बनाया गया था। तब शहर का ट्रैफिक कम रहता था। अब ट्रैफिक के हिसाब से इसके विस्तार की जरुरत है।

# चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट पर लगाई टेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। हेलमेट के चालान से बचने के लिए एक व्यति ने अपनी गाड़ी की सीरीज ही बदल दी। उसने अपने गाड़ी के नंबर पर काली टेप लगा दी। खुलासा तब हुआ जब ट्रैफिक पुलिस ने उसे रोका और उसकी गाड़ी की नंबर प्लेट चेक की तो उन्हें शक हुआ, जिसके बाद उसके डॉयूमेंट्स चेक किए तो पूरा मामला सामने आया। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक को जत कर लिया है। दरअसल, इंदौर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा हेलमेट को लेकर, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर, नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। शहर में अलग-अलग जगह ये कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी आनंद कलादगी के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस सुगम, सुरक्षित यातायात के लिए लगातार अभियान चला रही है। गुरुवार को रेडिसन चौराहे




पर उपनिरीक्षक बलराम सिंह तोमर ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए एक बाइक सवार को रोका।तोमर ने जब उसकी बाइक की नंबर प्लेट देखी तो उस पर MP-09-ME-2163 लिखा हुआ था। नंबर प्लेट को देख शंका हुई तो उन्होंने गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कार्ड चेक किया। रजिस्ट्रेशन कार्ड चेक पर पता चला कि गाड़ी का नंबर MP-09-MF-2163 है, लेकिन बाइक सवार ने ME को MF कर दिया था। उसने नंबर प्लेट पर काली टेप लगाकर स्न को श्व बना दिया था। पूछताछ की तो पता चला कि चौराहों पर लगे कैमरे से हेलमेट का चालान या नियम तोडऩे पर उसका चालान ना बन जाए इसलिए उसने नंबर की सीरीज ही बदल दी। इस मामले में ट्रैफिक पुलिस ने बाइक को जत कर ट्रैफिक थाने में खड़ा

## बीआरटीएस को हटाने के काम में तेजी आई

**इंदौर**। हाईकोर्ट की फटकार के बाद इंदौर के बीआरटीएस को हटाने के काम में तेजी आई है। बीआरटीएस की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से निकाल दिया है। जहां पर बचा है उसे भी निकालने का काम किया जा रहा है। आगामी एक-दो दिन में ये काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद संभवतः सोमवार से बीआरटीएस में बने बस स्टॉप को हटाने का काम शुरू किया जाएगा। क्चक्रञ्जस् की रेलिंग और डिवाइडर हटाने के साथ ही वहां पर रोड को भरने का काम भी किया जाएगा। इसके बाद रोड के बीच में डिवाइडर बनाने के काम की शुरुआत होगी। बता दे कि राजीव गांधी चौराहे से लेकर निरंजनपुर तक करीब 11 किमी के क्चक्रञ्जस् को हटाने का काम तेज हो गया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट की फटकार के बाद क्चक्रञ्जस् की रेलिंग को तोडऩे के काम में तेजी आई है। क्चक्रञ्जस् की एक तरफ की रेलिंग को कई जगह से हटा दिया गया है, जहां बचा है उसे भी हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## नाबालिग को धमकी देने का मामला, आरोपी पर केस

**इंदौर**। चंदन नगर पुलिस ने 17 साल की नाबालिग लडक़ी की शिकायत पर अयान, पुत्र नौशादी मंसूरी, निवासी नंदन नगर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस के मुताबिक, पीडि़ता नंदन नगर की गली नंबर 3 में पैदल जा रही थी। तभी आरोपी ने उसे रोककर बात करने के लिए कहा और हाथ पकड़ते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीडि़ता ने घटना की जानकारी मां को दी। पीडि़ता के चाचा और पिता ने आरोपी को समझाने की कोशिश की, तो उसने धमकी दी कि वह लडक़ी का रिश्ता कहीं और नहीं होने देगा। बाद में आरोपी पीडि़ता के छत पर जाकर इशारे करने लगा। पीडि़ता ने दूसरी बार परिवार को घटना बताई, जिसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### प्रदेश में पहली बार ऑनलाइन हुई

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से कहा कि आपकी जिम्मेदारी यशोदा मैया की तरह है, जिस प्रकार उन्होंने गोपाल कृष्ण का पालन-पोषण कर उन्हें संस्कार प्रदान किए, उसी तरह आप भी आंगनवाड़ी में आने वाले हर बच्चे की देखभाल श्रीकृष्ण की तरह करें। नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र के रूप में बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और माताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का वचन पत्र सौंपा जा रहा है। हमें विश्वास है कि हमारी बहनें अपना दायित्व पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता से निभाएंगी और प्रदेश को कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में विजय दिलवाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विधानसभा के समिति कक्ष में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति-पत्र प्रदान कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, विधायक तथा पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज

**● यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण को जैसी शिक्षा और संस्कार दिए वैसे ही शिक्षा और संस्कार आंगनवाड़ी से दिए जाएं : मुख्यमंत्री**

मंडलोई और विभाग की सचिव सुश्री जी.वी. रश्मि विशेष रूप से उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप तीन नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को अपने कार्य दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने, विकसित मध्यप्रदेश@2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में हर संभव योगदान देने और सुपोषित मध्यप्रदेश के निर्माण में अपने दायित्व का पूर्णतः पालन करने की शपथ दिलाई। नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकर्ता



और सहायिकाओं ने विधानसभा संचालन की प्रक्रिया भी देखी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भी गांवों में आंगनवाड़ी वाली दीदी को जो सम्मान मिलता है, उतना किसी और को नहीं मिलता। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका परिवार की सदस्य बन जाती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि न्यू इंडिया की मजबूत नींव मातृ शक्ति से ही बनती है। हमारी आंगनवाड़ी की बहनें इसे सार्थक कर रही हैं। यह बहनें केवल कार्यकर्ता नहीं अपितु गांव की पहली गुरू और पहली पोषण दूत हैं। इनकी वजह से लाखों बच्चों में कुपोषण कम हो रहा है और गर्भवती माताओं में जागरूकता बढ़ रही है। स्कूलों में ड्रापआउट रेट में भी कमी आयी है। राज्य सरकार बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। नगरीयनिकायों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा में वृद्धि की गई है। साथ ही बहनों के रोजगार के लिए उद्योग समूहों को भी राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

**● 984 सहायिकाओं की नियुक्ति के आदेश जारी**

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां पहली बार आंगनवाड़ी स्तर पर भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई गई। प्रदेश में अब तक 1091 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 10 हजार 984 सहायिकाओं की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। शेष पद भरने के लिए भी तेजी से प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन पोर्टल पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 2077 पदों के विरुद्ध 81 हजार 704 आवेदन आए और सहायिकाओं के 17 हजार 477 पदों के लिए 31 हजार 7627 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप 50 नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आभार स्वरूप धन्यवाद पत्र सौंपा गया

# 17 लाख के नकली नोट बरामद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में शुक्रवार को पुलिस ने नकली नोट छापने और चलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 17.5 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए गए। यह गिरोह मुख्य रूप से 500 रुपए के नकली नोट छापता था।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि नकली नोटों के अवैध प्रचलन पर रोक लगाने के लिए उज्जैन पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 5 दिसंबर को चिमनगंज मंडी थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति भारी मात्रा में नकली नोट लेकर उज्जैन शहर में डिलीवरी के लिए आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राजरॉयल कॉलोनी और पांड्याखेड़ी ब्रिज रेलवे पटरियों के पास घेराबंदी की।

इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे दो संदिग्धों को पकड़ गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान 26 साल के हिमांशु उर्फ चीनू और 22 साल के दीपेश चौहान बताया। तलाशी के दौरान, उनके पास से 500 रुपए के कुल 17 लाख 50 हजार रुपए के नकली नोटों की गड्डियां बरामद हुईं। इस गिरोह का एक और साथी राजेश बरबटे अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इंदौर में अरविन्द अस्पताल के सामने स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के एक फ्लैट में अपने साथी राजेश पिता टेकचंद बरबटे के साथ मिलकर नकली नोटों की छपाई करते थे। आरोपी 10 लाख के नकली नोट के बदले 11 लाख के असली नोट का सौदा करते थे। आरोपी हिमांशु पहले भी इंदौर में नकली नोट मामले में जेल जा चुका है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इंदौर स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के उक्त फ्लैट पर दबिश दी। जहां से नोट प्रिंटिंग मशीन हाई सिक्योरिटी प्रिंट पेपर प्रिंटिंग केमिकल सुरक्षा धागा, कटर मशीन व प्रिंटेड एवं अपूर्ण कच्ची नकली नोट शीट बरामद कर जब्त की। फरार आरोपी एवं नेटवर्क के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## 6 लाख पेड़ों की कटाई को लेकर जमकर हंगामा

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सिंगरौली में 6 लाख पेड़ों की कटाई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने इसे अवैध कटाई और अडाणी समूह को फायदा पहुंचाने की कार्रवाई बताया। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उनके बचाव में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिंगरौली में आदिवासी कम हैं। इस बयान के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच तीखी बहस शुरू हो गई और कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सदन में यह साफ हुआ कि कौन सदस्य जनता की समस्याओं के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने भी इस सत्र में कई बार सकारात्मक भूमिका निभाई। सत्र के दौरान सरकार ने कई विधेयक और अनुपूरक बजट पारित किए, जो राज्य के विकास के लिए जरूरी हैं।

# 12वीं की छात्रा का अश्लील वीडियो बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गरोठ (मंदसौर), एजेंसी।** जिले के शामगढ़ में 12वीं की 16 वर्षीय छात्रा को ब्लैकमेल करने और अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना से नगर में तनाव और भारी आक्रोश है। इसके चलते पूरा शामगढ़ नगर बंद है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

राव कॉलोनी निवासी रिहान पिता शाकिर अब्बासी और बाबू पिता रिहान शाह पर आरोप है कि उन्होंने नाबालिग लड़की को चाकू की नोक पर डराकर अश्लील वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया। वीडियो बनाने के बाद उन्होंने इसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। परिवार ने डरकर पहले 2 लाख रुपए नकद दे दिए थे, लेकिन पूरी रकम नहीं मिलने पर आरोपियों ने गुरुवार शाम सोशल मीडिया पर वीडियो डाल दिए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रिहान ने उसकी मां के मोबाइल से वीडियो बनाकर अपने फोन पर ट्रांसफर कर लिया था।

## बच्चों को मारने वाली टीचर सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में एक टीचर ने 6वीं की 8 छात्राओं को डंडे से पीटा। छात्राएं लिख नहीं रही थीं, इसके बाद टीचर ने उनकी पिटाई की। इससे उनके हाथों में चोट आ गई, हाथ सूज गए। एक छात्रा बेहोश हो गई थी। घटना आष्टा तहसील के कोठरी गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार की है। घटना से जुड़ा वीडियो शुक्रवार को सामने आया। मामला सामने आने के बाद टीचर कीर्ति शाक्य को डीईओ संजय सिंह तोमर ने सस्पेंड कर दिया है। वहीं टीचर ने उन्हें षड्यंत्र में फंसाने का आरोप लगाया है। सामने आए वीडियो में छात्राओं के हाथ में जख्म दिख रहे हैं। उनके हाथ सूजे हुए हैं। मामला सामने आने के बाद बच्चियों के परिजन, छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई, तहसीलदार और बीआरसीसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर कोऑर्डिनेटर) मौके पर पहुंचे। शिक्षिका को पद से हटाने के शिक्षा विभाग को प्रतिवेदन भेजा था। जिसके बाद एक्शन लिया गया।

### शराब ठेकेदार का आत्महत्या से पहले का वीडियो : कहा-

# साढ़े 7 लाख रुपए महीना मांग रहीं आबकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** देवास में शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने बीते 8 नवंबर को जहर पीकर आत्महत्या कर ली थी। अब ठेकेदार का एक वीडियो सामने आया है। इसमें उसने आबकारी विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित पर रिश्वत के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्हें अपनी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है।

दिनेश मकवाना इंदौर में कनाडिया गांव का रहने वाला था। देवास में उसकी शराब की 5 दुकानें थीं। दिनेश के परिजन ने कनाडिया थाने में 29 नवंबर



को शिकायत कर मामले की जांच की मांग की थी। उधर, आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित ने भी 24 नवंबर को देवास एसपी को आवेदन देकर कहा कि ठेकेदार मकवाना के परिजन उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे उनसे दो करोड़ रुपए में मामला सेटल करने की बात कह रहे हैं। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा- मामले में एक वीडियो वायरल हुआ है। आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित ने भी पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है, जिसकी जांच की जा रही है। अगर कुछ भी पाया जाता है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

**वीडियो...**

मैं दिनेश मकवाना देवास जिले में शराब दुकान चलाता हूं। चापड़ा, करनावद और डबल चौकी...तीन ग्रुप हैं। मेरे पास 14 करोड़ का काम है। यहां AC मैडम हैं मंदाकिनी दीक्षित जी...ये मुझसे पैसे की डिमांड करती हैं। इनको एक दुकान से डेढ़ लाख रुपए महीना चाहिए। मेरे पास पांच दुकानें हैं। इनको साढ़े सात लाख रुपए महीने का चाहिए है मुझसे। अभी तक मैं 20-22 लाख दे चुका हूं। मैडम को मैंने कहा कि अभी घाटा हो रहा है। धंधा चलते ही आपको रुपए दे दूंगा। वो मैडम वेयरहाउस से पैसा न आने पर माल नहीं देने देतीं। आज भी मुझे माल नहीं मिला। इनका रोज-रोज का यही होता है। मैं अब इनसे त्रस्त आकर... मंदाकिनी दीक्षित से त्रस्त आकर...मैं आत्महत्या कर रहा हूं।

## संपादकीय

### तुर्की S-400 हटाकर खरीदेगा F-35 फाइटर जेट

मुस्लिम देशों का खलीफा बनने का सपना देख रहा नाटो देश तुर्की अब अमेरिका से एफ-35 फाइटर जेट को लेकर बहुत बड़ी डील करने जा रहा है। तुर्की में अमेरिका के राजदूत टॉम बराक ने यूएई के अबू धाबी शहर में बताया कि रेसेप तैयप्प एर्दोगन की सरकार रूस से खरीदे गए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को खत्म करने जा रही है। रूसी सिस्टम ही अब तक इस डील में सबसे बड़ी बाधा बना हुआ था। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि तुर्की ने एस 400 सिस्टम के ऑपरेशनल इश्यू को हल कर लिया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि एस-400 का कब्जा ही अमेरिका के लिए झगड़े का मुख्य मुद्दा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह मुद्दा अगले 4 से 6 महीने में हल हो जाएगा। तुर्की का एफ-35 फाइटर जेट खरीदना और एस 400 को हटाना दोनों ही भारत के खतरा बढ़ा सकता है। वहीं इससे इजरायल भी टेंशन में आ जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या तुर्की एस-400 सिस्टम को हटाने जा रहा है, इसका जवाब अमेरिकी राजदूत ने हां में दिया। तुर्की का करीब 1 दशक पहले एस-400 खरीदना ही साल 2019 में उसके एफ-35 फाइटर जेट प्रोग्राम से बाहर होने की वजह बना था। अमेरिका ने तुर्की की रक्षा कंपनियों पर काट्सा कानून के तहत बैन लगा दिया था। अमेरिका की दलील है कि रूसी सिस्टम एफ-35 फाइटर जेट की क्षमता को कमजोर कर सकता है। वहीं तुर्की का दावा है कि एस 400 सिस्टम को नाटो के ढांचे में शामिल नहीं किया जाएगा। एफ-35 फाइटर जेट से हटाए जाने के बाद भी तुर्की ने 100 एफ 35 फाइटर जेट खरीदने के लिए 1.4 अरब डॉलर अमेरिका को दिए हुए हैं जिसने उसे अभी तक लौटाया नहीं है। इस साल सितंबर महीने में डोनाल्ड ट्रंप ने एर्दोगन के साथ मुलाकात के बाद कहा था कि तुर्की फिर से एफ 35 फाइटर जेट खरीदना चाहता है। अमेरिका और तुर्की दोनों ही नाटो में दो सबसे बड़ी सैन्य ताकत हैं। ऐसे में एफ 35 बनाम एस 400 के विवाद का खत्म होना, दोनों सदस्य देशों में तनाव को कम करेगा। वहीं तुर्की रूस के साथ तेल और गैस खरीदना जारी रखे हुए है। तुर्की के कई नेताओं ने कहा था कि अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने के लिए तुर्की को एस 400 से किनारा कर लेना चाहिए। इस डील से तुर्की को कई फायदे होने जा रहा है। पहला- अमेरिका के साथ उसका रिश्ता फिर से सुधर जाएगा। दूसरा- एफ-35 की स्टील्थ तकनीक के बारे में उसे बहुत अनमोल जानकारी मिल जाएगी जिससे वह अपने कान फाइटर जेट का निर्माण पूरा कर पाएगा।

# अंधेरे का भूत



सोनपुर नाम का एक बड़ा सा गांव हुआ करता था जहां अधिकतर खेतीबाड़ी करने वाले किसान रहा करते थे। वहीं, गांव के पास ही घने जंगलों के बीच पीपल के पेड़ में एक भूत रहा करता था। भूत दिनभर तो गायब रहता, लेकिन रात होते ही वह गांव वालों को खूब परेशान किया करता था।

रात होते ही भूत पूरे गांव के चक्कर काटने लगता और कभी किसी के पशुओं को नुकसान पहुंचाता तो किसी किसान को इतना डराता कि वो रातभर सो नहीं पाता। भूत के डर से शाम होते ही गांव में सन्नाटा फैल जाता और रात को कोई भी घर से बाहर नहीं निकला करता था।

एक बार भूत से परेशान गांव के लोगों ने एक बहुत बड़े साधू को गांव में बुलाया और उनसे अपनी समस्या का निदान करने के लिए गुजारिश की। गांव वाले साधू को उस पेड़ के पास ले जाते हैं, जहां भूत का वास होता है। साधू अपने जप और तप से भूत को काबू करने की बहुत कोशिश करता है, लेकिन वह उसके हाथ नहीं आता।

अंत में साधू भूत पर काबू पाने की युक्ति निकाल लेता है और सब गांव वालों से कहता है कि ये भूत केवल रात के अंधेरे में निकलता है, जिसका अर्थ है कि इसे दिन की रोशनी से डर लगता है और रोशनी के सहारे ही भूत से छुटकारा पाया जा सकता है। साधू की बात सुनकर सभी गांव वाले मिलकर एक योजना बनाते हैं।

रात को जब भूत पेड़ से निकलकर गांव में प्रवेश करता है तो किसान हाथों में मशाल लिए चारों ओर उजाला कर देते हैं। रोशनी को देखकर भूत डर जाता है और वापस पेड की ओर भाग जाता है। वहीं, गांव वाले भी उसके पीछे-पीछे पेड़ के पास पहुंच जाते हैं। रोशनी में साधू भूत को पेड़ से बांध देता है और फिर गांव वाले भूत को उस पेड़ के साथ ही जला देते हैं। इस तरह से गांव वालों को भूत की समस्या से निजात मिल जाता है।

### कहानी से सीख

समस्या चाहे कैसी भी हो, अगर बुद्धि का प्रयोग किया जाए तो उससे निजात पाया जा सकता है

## रंग भरो



## Uttarpradesh

# पश्चिमी यूपी में 15 हजार लोगों की कैपेसिटी वाला डिटेंशन सेंटर मॉडल तैयार, बायोमेट्रिक और CCTV से होगी सुरक्षा

**लखनऊ, (एजेंसी)** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठियों और रोहिंग्या शरणार्थियों को रखने के लिए डिटेंशन सेंटर की तैयारी हो रही है. इसका पहला मॉडल सार्वजनिक किया गया है. इस मॉडल में डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था, क्षमता और तकनीकी सुविधाओं का पूरा डेमो दिखाया गया है.

जानकारी के अनुसार, इस डिटेंशन सेंटर का डिजाइन 15 हजार लोगों को रखने की क्षमता वाला है. पश्चिमी यूपी के कमिश्नर ने इसे सरकार को भेजा है और गृह विभाग को इसकी समीक्षा के लिए निर्देशित किया गया है. मॉडल में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है.



त्रिस्तरीय सुरक्षा कवच, बायोमेट्रिक सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है. फेस रिकॉग्निशन और थंब इंप्रेशन के जरिए ही किसी व्यक्ति को डिटेंशन सेंटर में प्रवेश की अनुमति मिलेगी, जिसे कंट्रोल रूम से जारी किए जाने वाले ग्रीन सिग्नल से सुनिश्चित किया जाएगा.

सुरक्षा के लिहाज से मंडलायुक्त ने केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की सिफारिश की है और डिटेंशन सेंटर में 50 केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों की स्थायी नियुक्ति करने की योजना बनाई गई है. मॉडल में पुरुष और महिलाओं को एक ही परिसर में रखने की व्यवस्था दिखाई गई है, लेकिन उनकी अलग-अलग सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जाएगी.

## Bihar

# शादी की खुशियां मातम में बदली, दूल्हे की गाड़ी ने मासूम को रौंदा, हाइवे जाम



**मोतिहारी, (एजेंसी) बिहार के मोतिहारी में शादी की खुशियां मातम में बदल गई. पूर्वी चंपारण में भारतमाला हाइवे पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार दूल्हे की गाड़ी ने खेत की ओर जा रही 6 साल की मासूम बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद वहां अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग बच्ची की चीख सुन घटनास्थल पर पहुंचे.**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाड़ी काफी तेज गति से आ रही थी और सड़क पार कर रही बच्ची को सीधे कुचल दिया. हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. मृतक बच्ची के बाबा दहाउर राम ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. इस दर्दनाक घटना के बाद बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. वहीं, मासूम के पिता झापस राम मजदूरी के लिए घर से बाहर गए हुए थे, घटना की जानकारी उन्हें रास्ते में ही मिली.

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा. उन्होंने बांस-बल्ला डालकर हाइवे को पूरी तरह जाम कर दिया. ग्रामीणों का आरोप था कि लगातार बढ़ते तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण न होने के कारण जान का खतरा बना रहता है. उन्होंने फरार वाहन को तत्काल गिरफ्तार करने, सड़क पर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की.

## Rajasthan

# राजस्थान में नर्सिंग छात्रा की गला रेतकर हत्या, पिता ने कहा- किडनैप कर रेप किया

**खैरथल, (एजेंसी)** राजस्थान के खैरथल-तिजारा के मुंडावर में एक युवक ने नर्सिंग छात्रा की गला रेतकर हत्या कर दी. छात्रा के पिता ने किडनैप कर रेप करने और उसके बाद हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है. वारदात को लेकर आक्रोशित लोगों ने थाने के सामने जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया. लड़की के पिता ने कहा कि मेरी दो बेटियां सुबह 10 बजे नर्सिंग डिप्लोमा के लिए मुंडावर आई थीं. छोटी बेटी जैसे ही नाश्ता लेने गई, उसी दौरान आरोपी युवक ने बड़ी बेटी को किडनैप कर लिया और अपने रूम पर ले गया. वहां रेप किया, इसके बाद गला रेतकर हत्या कर दी. थाने के सामने ये घटना हुई है.

इस वारदात के बारे में जब लोगों को पता चला तो वे आक्रोशित हो उठे. कुछ देर बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया. इस बारे में जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामनिवास मीणा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, इसके बाद जाम खुलवाया.

## New Delhi

# मर्यादा भंग नहीं तो महिला का फोटो खींचना क्राइम नहीं

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला अगर निजी पलों में नहीं है तो उसकी सहमति के बिना फोटो लेना या मोबाइल से वीडियो बनाना आईपीसी की धारा 354सी के तहत अपराध नहीं है। जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर लगाते हुए एक आरोपी को बरी कर दिया।**

बेंच ने पुलिस और ट्रायल कोर्ट को भी फटकार लगाई कि उन्होंने केस में ताक-झांक का आरोप इसलिए लगाया क्योंकि महिला को विवादित संपत्ति में जाते हुए वीडियो शूट किया था। शिकायतकर्ता 18 मार्च 2020 को कुछ वर्कर्स के साथ एक प्रॉपर्टी में जा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसका वीडियो बनाया था। महिला ने इस पर शिकायत की थी कि ये फोटो और वीडियो बनाना निजता में दखल है और मर्यादा भंग करता है। कोर्ट ने कहा कि इस केस में मर्यादा भंग से जुड़े अपराध के जरूरी तत्व पूरे नहीं होते।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिमिनल कोर्ट को कमजोर मामलों को सुनवाई तक पहुंचने से रोकने और कोर्ट के समय की बर्बादी को रोकने के लिए फिल्टर के रूप में कार्य करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को सभी आरोपों से मुक्त कर दियाऔर कहा कि यह विवाद पूरी तरह सिविल था। इसे उसी तरह सुलझाया जाना चाहिए था, न कि क्रिमिनल के माध्यम से।

## खेल

# बंगलूरू डेविस कप मुकाबले की मेजबानी करेगा, पैरा बैडमिंटन पुरस्कार नामांकन में भारतीयों का दबदबा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और नीदरलैंड के बीच सात-आठ फरवरी को होने वाले डेविस कप क्वालिफायर की मेजबानी का अधिकार शुक्रवार को बंगलूरू को मिला जिसने बोली में दिल्ली को पीछे छोड़ दिया। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने इस साल फरवरी में टोगो की मेजबानी की थी और उसने भी इस अहम मुकाबले को आयोजित करने में दिलचस्पी दिखाई थी। बंगलूरू ने पिछली बार 2017 में उज्बेकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान टीम 4-1 से जीत गई थी।

कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) ने हाल में शहर में बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ की मेजबानी की थी। भारत ने सितंबर में विश्व ग्रुप एक के पहले दौर में स्विट्जरलैंड को हराकर क्वालिफायर चरण में जगह बनाई जबकि नीदरलैंड दूसरे दौर में अर्जेंटीना से इसी अंतर से हार गया था। यह 1993 के बाद यूरोपीय धरती पर भारत की पहली जीत थी। सुमित नागल और दक्षिणेश्वर सुरेश की अगुवाई में यह नतीजा 2019 में डेविस कप प्रारूप में बदलाव के बाद भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नितेश कुमार अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बीडब्ल्यूएफ पुरुष पैरा बैडमिंटन 'प्लेयर ऑफ द ईयर 2025' के लिए नामांकित चार खिलाड़ियों में शामिल हैं। पैरा बैडमिंटन वर्ग में पुरस्कार की उम्मीद रखने वालों में भारतीयों का दबदबा है। मलयेशिया के



चिया लीक हाउ, जापान के डाइकी काजीवारा और दक्षिण कोरिया के पार्क हाएसेओंग इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए कुमार के तीन प्रतिद्वंद्वी हैं। विजेताओं की घोषणा 15 दिसंबर को चीन के हांग्झोउ में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स 2025 गाला डिनर में की जाएगी। ये पुरस्कार एक दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक 12 महीने में बेहतरीन प्रतिभा, पूरे सत्र में लगातार प्रदर्शन, 'फेयरप्ले' आदि को देखकर दिए जाते हैं। इस दौरान 30 साल के कुमार ने थाईलैंड में एशिया पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्टैंडिंग लोअर (एसएल3) पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता और इंडोनेशिया इंटरनेशनल में भी खिताब जीता। उन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा (एक या दोनों निचले अंगों में कमजोरी और मूवमेंट में खराब संतुलन) में स्वर्ण पदक जीता था। दो भारतीय खिलाड़ी मनीषा रामदास और नित्या श्री सुमति सिवन 'महिला पैरा बैडमिंटन प्लेयर ऑफ द ईयर 2025' के लिए चार नामांकित खिलाड़ियों में शामिल हैं, लेकिन सबसे ज्यादा भारतीय पैरा बैडमिंटन 'प्लेयर ऑफ द ईयर कैटेगरी' (पुरुष और महिला दोनों को मिलाकर) में नामांकित हुए। चार नामांकित जोड़ियों में से तीन भारतीय जोड़ियां जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार, कृष्णा नगर और नित्या श्री सुमति सिवन तथा सुदर्शन सरवनकुमार मुथुसामी और सिवराजन सोलाइमलाई की हैं।

## सिनेमा

# क्रिकेटर से बना एक्टर, दर्द भुलाने के लिए 24 घंटे पी थी शराब, बोला- 3 बार मरके वापस आया



90s की बात है, जब क्रिकेटर सलिल अंकोला को लाइफ में एक बड़ा झटका मिला. उस समय वो पैसों के लिए क्रिकेटर से एक्टर बने. एक्टिंग में जब कदम रखा तो काफी सारे टीवी शोज में काम किया. इसमें 'कहता है दिल', 'कोरा कागज' और 'विक्राल और गबराल' शामिल रहे. पर्दे पर भले ही सलिल डैशिंग और हैंडसम नजर आ रहे हों, लेकिन बिहाइंड द सीन्स उनी हालत कुछ खास अच्छी नहीं थी. वो शराब की लत से जूझ रहे थे. हाल ही में एक नए इंटरव्यू में सलिल ने लाइफ के अपने इस चैप्टर के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने बताया कि साल 1997 में उन्होंने क्रिकेट खेलना छोड़ दिया था और शराब पीनी शुरू कर दी थी. विक्की लालवानी के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए सलिल ने बताया कि मैंने शराब पीनी शुरू की तो ये सोचकर नहीं की थी कि मैं सिर्फ इतनी ही पियूंगा. सालों तक पीता रहा और धीरे-धीरे काफी पीने लगा. 1999-2011 के बीच मैंने क्रिकेट बिल्कुल नहीं देखा. क्योंकि वो देखकर मेरे शायद पुराने जख्म हरे हो जाते. अगर मैं 24 घंटे उठा रहता था तो 24 घंटे शराब पीता रहता था. वो एक तरीका शायद मैंने ढूंढ लिया था किसी चीज से बाहर निकलने का या फिर बचने का.

## Highlights

1. Railways adds extra coach to Jammu-Delhi Rajdhani amid IndiGo chaos
2. What rights do passengers have when flights are cancelled?
3. Govt issues statement on IndiGo flights disruption, orders high-level inquiry
4. K'taka approves Bill against hate speech, proposes up to 10-yr jail
5. 10 new local train services approved between Nerul, Belapur, Uran

# SpiceJet comes to the rescue with 100 additional flights amid IndiGo chaos




**NEW DEIHI, (Agency).** SpiceJet Ltd. has decided to operate 100 additional flights over the next few days to mitigate the chaos left in the wake of IndiGo flight cancellations and delays, according to its chairman.

"What happened is extremely unfortunate, and it has caused a huge amount of inconvenience to passengers... I am sure the government is working really hard to make sure the problem is resolved at the earliest," SpiceJet Chairman Ajay Singh told ANI on Friday.

"I am sure IndiGo is doing its best... We (SpiceJet) are attempting to help by running 100 additional flights over the next few days."

Air travel in India across India was in turmoil for a fourth day on Friday after IndiGo, operated by InterGlobe Aviation Ltd., cancelled more than 1,000 flights across the country "to align crew and planes". Operations are unlikely to return to normal until at least next week, CEO Pieter Elbers said.

The disruption has snowballed into chaotic scenes across airports, with crowds of stranded passengers voicing their frustrations with the ground staff.

# Third Cloudfare outage in less than a month takes out Zerodha, Groww briefly

**NEW DEIHI, (Agency).** The Cloudfare outage, the third in less than a month, briefly affected India's biggest online trading apps including Zerodha and Groww Ltd. on Friday.

Cloudflare went down after a scheduled maintenance at one of their critical data centres in Detroit, according to its status page.

"Traffic might be re-routed from this location, hence there is a possibility of a slight increase in latency during this maintenance window for end-users in the affected region," Cloudflare said on its status page. Customers, "please make sure you are expecting this traffic to fail...



as network interfaces in this data centre may become temporarily unavailable."

Zerodha, Groww down briefly

"Due to a cross-platform downtime on Cloudflare, Kite is currently unavailable. Please use the Kite WhatsApp backup to manage your trades while we investigate," Zerodha wrote on X, formerly Twitter.

According to complaints on social media platforms, including WhatsApp, X and Instagram, most online stockbroking platforms—Zerodha, Groww, Upstox, Fyers, Angel One—were showing "500 Internal Server Error".

"We are currently experiencing technical issues due to a global outage at Cloudflare. This is impacting multiple apps and services worldwide," Groww wrote on X. "We are monitoring the situation closely and will update you the moment services are restored. Thank you for your patience."

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित ।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक